**Jansandesh Times, Lucknow, 13/12/2025**
Page No: 4, Size: 19.74cm × 18.52cm

# गेल ने जिला प्रशासन को सौंपे एक हजार कम्बल

**जनसंदेश टाइम्स ब्यूरो**



औरैया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गेल ने सर्दी को देखते हुये जरूतरमंदों की मदद के लिये जिला प्रशासन को एक हजार कम्बल सौंप दिये। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में आये जरूरतमंदों को कम्बल बांटकर वितरण की औपचारिक शुरूआत कर दी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस समय भीषण सर्दी पड़ रही है। सर्दी को देखते हुये उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को अलाव जलवाने व जरूतमंदों की मदद करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि गेल से जो कम्बल प्राप्त हुये हैं वहीं तहसील स्तर पर पात्रों का चयन कर बांटे जायेंगे। उन्होंने कहा कि सर्दी में किसी भी जरूतमंद को ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी( वित्त एवं राजस्व) अविनाश चन्द्र मौर्य,गेल के मुख्य महाप्रबंधक एचआर बसंत कुमार कुल्लू, जीएम एच आर गेल शांतनु मित्रा, सीएम सीएस आर गेल नवीन कुमार, चक्रीय विकास प्रणाली संस्थान के प्रतिनिधि धर्मेंद्र यादव व श्याम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।गौरतलब है कि जिला प्रशासन को सौंपे गये कम्बल सहेली महिला स्वयं सहायता समूह खानपुर, मुस्कान महिला स्वयं सहायता समूह खानपुर, लक्ष्य महिला स्वयं सहायता समूह कन्हो तथा विजयलक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह कन्हो से क्रय किए गए हैं जिससे शासन की मंशा के अनुरूप महिला स्वावलंबन तथा उन्नयन को गति प्रदान की गई है।

Prabhat Khabar, Jamshedpur, 13/12/2025
Page No: 2, Size: 15.24cm × 13.04cm

# मानगो के 10 हजार घरों में मार्च 2026 तक पाइपलाइन से पहुंचेगी पीएनजी

- सुवर्णरेखा नदी में सॉइल टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है
- सर्वे के बाद ठेकेदार को गेल ने सौंपा पानी से पाइप पार कराने का काम

**प्रमुख संवाददाता, जमशेदपुर**



मानगो के 10 हजार परिवारों को रसोई गैस के सिलिंडर को बुक कराने, लाने-ले जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी. गेल ने पाइपलाइन के सहारे मानगो में प्राकृतिक गैस (पीएनजी) पहुंचाने की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली है. मार्च 2026 तक इन घरों में पाइपलाइन से गैस पहुंचे, इसके लेकर सुवर्णरेखा नदी के साकची गांधी घाट व मानगो छठ घाट तट पर सॉइल टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है. सुवर्णरेखा नदी के तल से होकर पीएनजी की पाइप को पार कराया जायेगा, जिसके माध्यम से मानगो में पीएनजी की आपूर्ति होगी. गेल ने पाइपलाइन बिछाने के कार्य के लिए ठेकेदार की नियुक्ति भी कर दी है.

गेल के अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर में घरों में गैस की आपूर्ति किये जाने का काम पूरा कर लिया जाना था, लेकिन इस वर्ष बारिश अधिक होने के कारण इस कार्य में देर हुई. सुवर्णरेखा नदी के नीचे से पाइपलाइन बिछाकर बर्मामाइंस के सीएनजी स्टेशन से गैस सप्लाई की. घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ टाटा मोटर्स जैसी औद्योगिक इकाइयों को भी फायदा होगा, जिससे उनके ऊर्जा खर्च में कमी आयेगी. इस प्रोजेक्ट के तहत 10 नये सीएनजी स्टेशन भी खोले जायेंगे, जिससे कुल स्टेशनों की संख्या 25 हो जायेगी और वाहन चालकों को सुविधा होगी. यह योजना प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा के तहत शुरू की गयी है, जिसका लाभ सबसे पहले सोनारी के लोगों को मिलने लगा.

गेल के अधिकारियों ने बताया कि सॉइल टेस्टिंग के साथ-साथ सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है. सॉइल टेस्टिंग के बेहतर परिणाम मिले हैं. सर्वे के दौरान सुवर्णरेखा नदी के पुराने इतिहास की भी गणना की गयी कि नदी ने कब-कब अपना स्वरूप व आकार बदली किया है. घरों तक पीएनजी पहुंचाने में अधिक समय इसलिए नहीं लगेगा, क्योंकि सिर्फ नदी में पाइप लाइन बिछाने का काम मात्र शेष है.